Activity Report

Cultural activity on EBSB Diwas

Activity Name	Date	Venue	No. of Resource Person	No. of Participants
Cultural activity to observe EBSB Day Celebration	04-03-2020	Girl's Common Room	06	50

A cultural event was organized to observe 'Ek Bharat Shreshtha Bharat' Diwas. Students performed various activities like dancing and singing. There were different group dance performances on different pahari and punjabi songs The main theme of the event was to showcase the different traditions of Himachal Pradesh through folk dance. More than 50 audiences watched the amazing dance performances.

News Clipping of the event:

एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत कार्यक्रम

शाहपुर। राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में भारत सरकार के कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें राजकीय महाविद्यालय शाहपुर को केरल राज्य के तीन महाविद्यालय सेंट जॉन्स कॉलेज (इरेंजलकूड़ा) एनएमएसएम राजकीय महाविद्यालय वायनाड और राजकीय महाविद्यालय आदिगल के साथ जोड़ा गया है। साल भर चलने वाले इस कार्यक्रम में बुधवार को महाविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत बैनर के अंतर्गत केरल राज्य पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिमाचल के विभिन्न जिलों की संस्कृति को प्रस्तुत किया। राजकीय महाविद्यालय शाहपुर की प्राचार्य आरती वर्मा ने बताया कि एक भारत श्रेष्ठ भारत को राजकीय महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। विद्यार्थियों को केरल की भाषा का ज्ञान दिया जा रहा है। इसी तरह केरल के चिन्हित महाविद्यालयों में हिमाचल की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों का उत्साह देखते हुए प्रोजेक्टर के माध्यम से केरल की संस्कृति, रहन-सहन, खान-पान की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। इस अवसर पर महाविद्यालय की डा. चारु शर्मा, प्रो मनजिंदर कौर, डॉ. सुशीला शर्मा, डॉ. संजय शर्मा, डा. विश्वजीत व डॉ. शिशुपाल भी मौजूद थे।

शाहपुर में दिखी विभिन्न जिलों की संस्कृति

जागरण टीम, शाहपुर/नगरोटा बगवां: राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें महाविद्यालय शाहपुर को केरल के तीन महाविद्यालय सेंट जॉन्स कॉलेज (इरेंजलकूड़ा), एनएमएसएम राजकीयमहाविद्यालय वायनाड और राजकीय महाविद्यालय आदिगल के साथ जोड़ा गया है। साल भर चलने वाले कार्यक्रम के तहत बुधवार को केरल राज्य पर निबंध प्रतियोगिता के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन कियाग या। इसमें विद्यार्थियों ने हिमाचल के विभिन्न जिलों की संस्कृति को प्रस्तुत किया। प्राचार्य आरती वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों को केरल की भाषा का ज्ञान दिया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. चारु शर्मा, प्रो. मनजिंदर कौर, डॉ. सुशीला शर्मा, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. विश्वजीत व डॉ.. शिशुपाल मौजूद रहे। वहीं नगरोटा बगवां डिग्री कॉलेज में एक भारत श्रेष्ठ भारत दिवस मनाया गया। प्रिंसिपल डॉ. अशोक चौधरी ने छात्रों को भारत की सांस्कृतिक धरोहर तथा विविधता को जानने के लिए प्रेरित किया। भारतीय सांस्कृतिक विरासत की पूरे विश्व में अलग पहचान है। नोडल ऑफिसर प्रो. संजीव पुरी ने कहा कि इस अभियान के तहत प्रदेश को केरल के साथ युग्म राज्य बनाया गया है। इस मौके पर प्रो. राजेश, प्रो. सुनीता, प्रो. आशा शर्मा मौजूद रहीं।